दिन– मंगलवार दिनांक– 16 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. राज्य सरकार ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दी। दोगुना रोजगार–दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग–सशक्त बिहार समेत सात बिन्दुओं पर होगा काम।

02. केन्द्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर लाया नया विधेयक। विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 लोकसभा में प्रस्तुत।

03. भाजपा के नवनिर्वाचित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने राज्य सरकार के मंत्री पद से दिया इस्तीफा।

04. और, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त मुख्य परीक्षा का परिणाम किया जारी। पांच हजार चार सौ एक अभ्यर्थी हुये सफल।

———————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुयी राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गयी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

राज्य की नई सरकार ने बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सात निश्चय–तीन को लागू करने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने स्वयं सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। सात निश्चय में दोगुना रोजगार–दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग–सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति– प्रदेश की समृद्धि, उन्नत शिक्षा– उज्ज्वल भविष्य, सुलभ स्वास्थ्य–सुरक्षित जीवन, मजबूत आधार– आधुनिक विस्तार और सबका सम्मान– जीवन आसान जैसे सात बिंदुओं को शामिल किया गया है। मंत्रिमंडल विभाग के सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने संवादाताओं को कैबिनेट के फैसलों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि पार्ट थ्री के प्रावधानों में अगले पांच वर्षों में पचास लाख करोड़ रूपये के निजी निवेश का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही नई औद्योगिक संरचनाएं विकसित करने पर जोर रहेगा।

———बाईट———

एनडीए ने सात निश्चय तीन को एक ऐतिहासिक कदम बताया है। वहीं, विपक्षी दलों ने कहा कि इसमें कुछ नया नहीं है। समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सात निश्चय योजना तीन का निर्णय लिया गया है। इसके जरिये राज्य सरकार एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करेगी।

———बाईट———

वहीं, उपमुख्यमंत्री सह भू–राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सात निश्चय तीन नई सरकार की नई पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा।

———बाईट———

——————————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत –रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक दो हजार पच्चीस पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) दो हजार पांच का स्थान लेगा।

———बाईट———

इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। गांव में हुए सामाजिक आर्थिक बदलावों को देखते हुए केंद्र सरकार विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 लेकर आई है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है। वहीं, नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस विधेयक का उद्देश्य चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के माध्यम से रोजगार और टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण करना है। इनमें जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संबंधी अवसंरचना और मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। इस नए विधेयक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

विधेयक पेश करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी सहित कई विपक्षी दलों ने विधेयक का विरोध किया।

——————————————————————————

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि नये विधेयक में सिर्फ महात्मा गांधी का नाम ही नहीं हटाया गया है बल्कि गांधीवादी विचारों से दूरी बनाने का प्रयास दिखता है।

———बाईट———

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्षी दल भगवान राम और महात्मा गांधी दोनों के विरोधी हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों को महात्मा गांधी का नाम लेना शोभा नहीं देता है।

———बाईट———

——————————————————————————

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि राज्य सरकारों ने दो करोड़ से अधिक अपात्र और फर्जी राशन कार्ड रद्द कर दिए हैं। श्री जोशी ने आज

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि राशन कार्डों को हटाना या जोड़ना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पात्र लाभार्थियों को लक्षित करने के लिए निन्यानवे प्रतिशत से अधिक राशन कार्ड आधार से लिंक किए जा चुके हैं।

———————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में बीमा कानूनों में संशोधन से संबंधित विधेयक 'सबका बीमा सबकी रक्षा' पेश किया। यह विधेयक बीमा अधिनियम उन्नीस सौ अड़तीस, जीवन बीमा निगम अधिनियम, उन्नीस सौ छप्पन और बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, उन्नीय सौ निन्यानवे में संशोधन करता है।

———————————————————————

भाजपा के नवनिर्वाचित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज राज्य सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। श्री नबीन के पास पथ निर्माण विभाग और नगर विकास विभाग की जिम्मेदारी थी। गौरतलब है कि कल ही श्री नबीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला है। श्री नबीन ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पार्टी संगठन को और सुदृढ़ बनाने के के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। इधर, नितिन नबीन के इस्तीफा मंजूर करते हुये उनके विभागों का बंटवार भी कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दिलीप जायसवाल को जबकि नगर विकास विभाग का कार्यभार उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को दे दिया गया है।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा ललन कुमार सर्राफ को विधान परिषद में सत्तारूढ दल का उपनेता मनोनीत किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सिफारिश पर इनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जदयू के नीरज कुमार और रीना देवी को सचेतक बनाया गया है। वहीं, भाजपा कोटे से आने वाले जनक राम को उपमुख्य सचेतक पद पर मनोनीत किया गया है।

———————————————————————

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपी भवन निर्माण विभाग के निदेशक गजाधर मंडल के पटना स्थित कार्यालय और भागलपुर स्थित आवास पर आज छापेमारी की। इस दौरान कई महत्त्वपूर्ण कागजात जब्त किए गए हैं। गजाधर मंडल पर आय से अधिक दो करोड़ बियासी लाख एकसठ हजार रूपये

अर्जित करने का आरोप है। निगरानी के अधिकारी ने बताया कि आगे की कार्रवाई जारी है। इधर, सहरसा जिले के पतरघट प्रखंड कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार को निगरानी की टीम ने पाँच हजार रूपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जमीन के दाखिल–खारिज के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। दो हजार पैंतीस पदों के लिए आयोजित परीक्षा में पांच हजार चार सौ एक अभ्यर्थी सफल हुये हैं। इन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर परिणाम देख सकते हैं। गौरतलब है कि मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक पटना के बत्तीस परीक्षा केन्द्रों किया गया था।

———————————————————————

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने उन्नीस सौ इकहत्तर में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। राष्ट्रपति मुर्मु ने विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन भी किया। इस दीर्घा में परम वीर चक्र से सम्मानित सभी इक्कीस विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं। इधर, राजधानी पटना के कारगील चौक स्थित शहीद स्मारक समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में शहीदों के सम्मान में विजय दिवस का आयोजन किया गया।

———————————————————————

पश्चिमी हवा का प्रभाव कमजोर पड़ने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसके कारण ठंड का एहसास कम हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने कहा कि उन्नीस दिसम्बर के बाद एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में ठंड बढ़ेगी। विभाग ने बताया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षीण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

चंपारण रेंज के डीआईजी हरीकिशोर राय के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से ठगी करने के मामले में बेतिया पुलिस ने राजस्थान से एक युवक तस्लीम को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाईल और सिम बरामद किया गया है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरिसवा बाजार में अगलगी की घटना में आठ घर जलकर राख हो गये। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हो गयी है।

———————————————————————

अरवल के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने कलेर थाना में आयोजित जनता दरबार के दौरान लोगों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को इनके त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये।

———————————————————————

सुपौल सदर क अनुमंडल अधिकारी इंद्रवीर कुमार के नेतृत्व में जाम की समस्या से निपटने के लिए अवैध ढंग से पार्किंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

———————————————————————

खगड़िया जिले के गोगरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिसवा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के प्रभारी सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल के जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित शिविर के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। जिले में आज से बाईस दिसम्बर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————

कटिहार जिले के कृषि भवन प्रांगन ने दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आज से आयोजन किया जा रहा है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री निखिल कुमार चौधरी ने इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य सरकार ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दी। दोगुना रोजगार–दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग–सशक्त बिहार समेत सात बिन्दुओं पर होगा काम।

02. केन्द्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर लाया नया विधेयक। विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 लोकसभा में प्रस्तुत।

03. भाजपा के नवनिर्वाचित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने राज्य सरकार के मंत्री पद से दिया इस्तीफा।

04. और, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त मुख्य परीक्षा का परिणाम किया जारी। पांच हजार चार सौ एक अभ्यर्थी हुये सफल।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।